भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या †32

उत्तर देने की तारीख 1 दिसंबर, 2025
10 अग्रहायण, 1947 (शक)

दादरा और नगर हवेली में खेलों के लिए आवंटित धनराशि

32. श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्तमान वर्ष सहित पिछले पाँच वर्षों के दौरान दादरा और नगर हवेली और दमन एवं दीव संघ राज्यक्षेत्र में योजना-वार खेलों के लिए कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ख) पिछले पाँच वर्षों के दौरान उक्त संघ राज्यक्षेत्रों में रमत गमत के लिए आवंटित धनराशि से किए गए व्यय का योजना-वार ब्यौरा क्या है, और

(ग) रमत गमत निधि से निर्मित वास्तुशिल्प परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है, तथा उन निजी संगठनों से संबंधित अलग-अलग विवरण क्या हैं जिन्हें ये उपयोग के लिए दी गई हैं?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) और (ख) : इस मंत्रालय में स्कीम-वार निधियां आवंटित और जारी की जाती हैं, न कि राज्य-वार। पिछले पांच वर्षों के दौरान दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र सहित देश भर में खेल विभाग की विभिन्न खेल विकास स्कीमों के अंतर्गत आवंटित निधियों और किए गए व्यय का विवरण इस प्रकार है:

(राशि करोड़ ₹)

वित्तीय वर्ष	आवंटित निधियां	व्यय
2024-25	2332.50	2136.97
2023-24	2380.86	2329.35
2022-23	1907.69	1879.99
2021-22	1993.00	1748.76
2020-21	1313.40	1304.12

(ग) इस मंत्रालय द्वारा ऐसा कोई प्रस्ताव स्वीकृत नहीं किया गया है।

*****